# बिहार विधान सभा वाद्वृत्त

मंगलवार तिथि ३ अक्तूबर १९५०

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य विवरण ।

सभा का अधिवेशन रांची के सभा-वेश्म में मंगलवार तिथि ३ अक्टूबर १९५० को २ बजे मध्याह्न में माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ ।

---

## अल्पसूचना प्रश्नोत्तर

SHORT NOTICE QUESTION

---

SHORT NOTICE QUESTION NO. 2 AND 3

---

THE HON'BLE DR. SAIYID MAHMUD : The answer is not ready today as the Parliamentary Secretary is absent today. It may be postponed.

THE HON'BLE DR. SAIYID MAHMUD : The answer is not ready today. It may be postponed today.

SHRI RAMESHWAR PRASAD SINGH (GAYA) : When we are expected to get replies to these questions ?

THE HON'BLE SPEAKER : The replies to these short notice

[ग] क्या सरकार बस सर्विस के राष्ट्रीयकरण के पक्ष में है ?

THE HON'BLE DR. SAIYID MAHMUD : ( a ) Government are not in possession of the dividends earned by the State of Bengal as a results of running State bus services in Cacutta but their information is that the services are being run on profit.

( b ) The answer is in the affirmative.

( c ) The answer is in the affirmative.

श्री पुरुषोत्तम चौहान : क्या बंगाल सरकार से इस विषय में पूछा गया है ?

माननीय डा० सैयद महमूद : जहां तक मैं जानता हूँ बंगाल सरकार से इस विषय में कुछ enquiery नहीं की गई है ।

---

नोट : तारांकित प्रश्न संख्या २७८–२८१ स्थगित किए गए ।

---

## EMPLOYMENT OF BIHARIES IN THE DAMODAR VALLEY CORPORATION.

* 282. SHRI NANDKISHORE NARAYAN LAL : Will the Hon'ble Minister, Irigation Department, bc pleased to state—

( a ) the total area of land of this state acquired for Damodar Valley Corporation;

( b ) the total area of land to be reclaimed for rehabilitation of persons who will be displaced due to clam to be cons'tucted and are submerged under water together with the period to be taken in reclaiming them, the area so far r.claimed and the period taken in reclaimation;

( c ) the total amount spent so far by State Government from State exchequer;

( d ) the number of Biharies employed in Damodar Valley Corporation in the scale or pay above Rs. 500 and Rs. 250;

( e ) the area of this State to be irrigated from Damodar Valley Corporation scheme as well as the area to be benefited by Navigation Scheme ?

THE HON'BLE SHRI RAMCHARITRA SINHA : (a) The total area of Land of this State to be acquired is 1, 18, 650 acres out of which nearly 8,000 acres of land have already been acquired and taken possession of by D. V. C.

(b) The programme is to reclaim 75,000 acres of land in a period of 5 years.

Reclamation work started in September 1949 and so far 87.5 acres have been reclaimed, according to a recent D. V.C. report.

(c) So far, the State Government have contributed to the D.V.C. a sum of RS- 3,37,72,000/–.

[d] The number of Biharis employed in the D. V. C. in the scale of pay above Rs. 500 is seven and between Rs. 250 and Rs. 500 is thirty two, inclusive of seven domiciled Biharis.

[e] So far the irrigation of only about 12000 acres from the Tilaiya dam appears to be possible. Further investigations in the matter are in progress. There will be no navigation in Bihar in the D.V. Project.

श्री नन्दकिशोर नारायण लाल : उत्तर में कहा गया है कि ७५,००० एकड़ जमीन पांच वर्ष में reclaim की जायेगी, परन्तु दो वर्ष में केवल ८७.५ एकड़ जमीन reclaim की गयी है। क्या सरकार समझती है कि जिस समय Dam बनेगा और सब चा area submerge हो जायेगा उस समय वहां के लोगों को कितनी तकलीफ होगी ?

**माननीय श्री रामचरित्र सिंह** : जब तक लोगों को rehabilitate नहीं कर दिया जायेगा तबतक एक धूर भी जमीन नहीं ली जायेगी। इस लिये लोगों को तकलीफ होने का सवाल नहीं उठता।

**श्री नन्दकिशोर नारायण लाल** : Dam बांधा जा रहा है इससे जमीन पानी में submerged हो जायेगी। आप कहते हैं कि दो वर्ष में ८७.५ एकड़ जमीन reclaim हुई है तो इस रफ्तार से आप कब ७५,००० एकड़ reclaim कर सकेंगे और इसके पहले ही Dam चालू हो जायेगा ?

**माननीय श्री रामचरित्र सिंह** : जी, नहीं। मैंने कह दिया कि बिना उन लोगों को दूसरी जगह बसाये हुआ उनकी जमीन नहीं ली जायेगी। अभी Dam कहीं नहीं बांधा जा रहा है। सिर्फ तिलइया Dam में काम हो रहा है लेकिन वह भी बिल्कुल अभी earty stage में है।

---

नोट: तारांकित प्रश्न २८३-२९७ तक स्थगित किए गए।

---

## मुंगेर जिलान्तर्गत सुलताना बांध और नहर।

*२९८। **श्री सुन्दर महतो पासी** : क्या माननीय मंत्री, सिंचाई विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) मुंगेर जिलान्तर्गत मौजा रशीदपुर, सुलताना बांध और नहर के सम्बन्ध में अबतक सरकार ने क्या प्रबन्ध किया है;

(ख) क्या यह बात सही है कि माननीय मंत्री, सिंचाई विभाग, ने उस जगह की सन् १९४९ साल में स्वयं जांच की थी; यदि हां, तो उसके बाद सरकार ने क्या प्रबन्ध किया है तथा करने जा रही है;

(ग) क्या यह बात सही है कि उस नहर और पुल के बन जाने मे करीब-करीब ५ हजार एकड़ जमीन की उपज में वृद्धि होगी;

(घ) क्या यह बात सही है कि ५० हजार जनता का जीवन इस गोपला चौर पर निर्भर करता है;